MA. 2nd Sem.

Total number of printed pages–4

14 (HIN–2) 2016 (O)

2022

HINDI

Paper : HIN–2016

(Old Course)

(Madhyakālin Kāvya : II)

(मध्यकालीन काव्य : II)

Full Marks : 64

Time : Three hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions.

1. निम्नलिखित अवतरणों में से ***किन्हीं दो*** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 8×2=16

(क) न हौं रहौं न जाँहुँ जू विदेह धाम की अबै।
कही जु बात मातु पै सु आजु मैं सुनी सबै॥
लगै छुधाहि माँ भली बिपत्ति माँझ नारिये।
पियास–त्रास नीर बीर युद्ध में सँभारिये॥

Contd.

(ख) दृग उरझत, टूटत कुटुम, जुरत चतुर-चित प्रीति।
परति गाँठि दुरजन-हियै, दई, नई यह रीति॥

(ग) जो तैं प्रानप्यारे परदेश को पधारे तौतै,
बिरह तैं भई ऐसी ता तिय की गति है।
करि कर ऊपर कपोलहि कमल नैनी,
सेनापति अनमनी बैठियै रहति है।
कागहिं उड़ावै, कौहु कौहु करै सगुनौती,
कौहु बैठि अवधि के बासर गनति है।
पढ़ी पढ़ी पाती, कौहू फेरि कै पढ़ति, कोहु
प्रतिम कौं चित्र मैं सरूप निरखति है॥

(घ) कुंदन को रंग फीको लगै झलकै अंगन चारु गुराई।
आँखिन में अलसानि चितौनि में मंजु विलासन की सरसाई।
को बिन मोल बिकात नहीं मतिराम लहै मुसकानि मिठाई।
ज्यों-ज्यों निहारिये नेरे है नैननि त्यों-त्यों खरी निखरै सी निकाई॥

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं तीन*** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 12×3=36

(क) 'रामचन्द्रिका' के 'नवाँ प्रकाश' के प्रतिपाद्य की समीक्षा कीजिए।

(ख) " 'बिहारी सतसई' शृंगार, भक्ति और नीति की त्रिवेणी है।" — प्रस्तुत कथन की सार्थकता पर विचार कीजिए।

(ग) पठित दोहों के आधार पर बिहारी-काव्य के कलापक्षीय सौन्दर्य का सोदाहरण आकलन कीजिए।

(घ) सेनापति की काव्य-प्रतिभा पर उदाहरण-सहित प्रकाश डालिए।

(ङ) मतिराम की कविताओं की प्रमुख विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं तीन*** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 4×3=12

(क) केशवदास को 'कठिन काव्य का प्रेत' कहना कहाँ तक न्यायसंगत है?

(ख) केशवदास-विरचित 'रामचन्द्रिका' के महत्व पर प्रकाश डालिए।

(ग) "इसके दोहे क्या हैं, रस की छोटी-छोटी पिचकारियाँ हैं, जो मुँह से छूटते ही श्रोता को सिक्त कर देती हैं।" — बिहारीलाल के दोहों के बारे में की गयी यह उक्ति कहाँ तक सार्थक है?

(घ) सेनापति की काव्य-भाषा पर एक टिप्पणी लिखिए।

(ङ) मिश्रबन्धुओं ने कविवर मतिराम को 'हिन्दी नवरत्न' में स्थान दिया है। इसके कारण क्या-क्या हो सकते हैं?